**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3420**

**उत्तर देने की तारीख : 12.03.2026**

**महाराष्ट्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम**

**3420. श्रीमती सुप्रिया सुले :**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का जिला-वार आंकड़े, क्षेत्रवार प्रसार, तीन वर्षों से अधिक कार्यशील रहने की दर और पिछले पांच वर्षों के दौरान सृजित रोजगार सहित कोई व्यापक मूल्यांकन किया है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र में महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई का एक बड़ा हिस्सा किफायती ऋण तक सीमित पहुंच, विलंबित भुगतान, संपार्श्विक सहायता के अभाव और अपर्याप्त बाजार संपर्कों के कारण सूक्ष्म स्तर के प्रचालनों तक ही सीमित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उन कारणों का पता लगाने के लिए कोई मूल्यांकन किया गया है जिनके कारण मौजूदा संस्थागत सहायता तंत्र राज्य के पिछड़े और आकांक्षी जिलों में महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को बढ़ाने में परिवर्तित नहीं हुए हैं;

(घ) महाराष्ट्र में महिला उद्यमियों को पेश आ रही संरचनात्मक बाधाओं को दूर करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए जाने का विचार है; और

(ङ) क्या विकासोन्मुखी महिलाओं के नेतृत्व वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए राज्य-विशिष्ट रूपरेखा पर विचार कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (घ) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई के पंजीकरण के लिए दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) का शुभारंभ किया। इसके अलावा, अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) के पंजीकरण के लिए दिनांक 11.01.2023 को उद्यम असिस्ट प्लेटफार्म शुरू किया गया। इसकी शुरूआत से दिनांक 28 फरवरी, 2026 तक महाराष्ट्र में उद्यम पोर्टल पर महिला स्वामित्व वाले पंजीकृत एमएसएमई और सृजित रोजगार का जिला-वार विवरण अनुबंध-I में संलग्न है।

सरकार ने एमएसएमई में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई पहलें की है, जैसे कि:

i. उद्यम पंजीकरण (यूआर) और उद्यम असिस्ट प्लेटफार्म(यूएपी) पर महिलाओं के स्वामित्व वाले एमएसएमई के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान।

ii. महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए, सार्वजनिक प्रापण नीति में यह अधिदेशित किया गया है कि सीपीएसई/मंत्रालयों/विभागों द्वारा अपनी वार्षिक खरीद का 3% महिला स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीदा जाएगा।

iii. उद्यम पंजीकरण पोर्टल दिनांक 01.07.2020 को शुरू किया गया है जो पूर्णतः ऑनलाइन, पेपरलेस और स्वघोषणा पर आधारित है। जिनके पास पैन विवरण है, वे उद्यम पर पंजीकरण कर सकते है और जिनके पास पैन/जीएसटीएन नहीं है, वे दिनांक 11.01.2023 को शुरू किए गए उद्यम असिस्ट प्लेटफार्म पर पंजीकरण कर सकते है। दोनों पंजीकरण सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम की स्कीमों के लाभ उठाने और प्राथमिकता ऋण क्षेत्र (पीएसएल) के लिए पात्र हैं।

iv. सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए, सूक्ष्म और लघु महिला उद्यमियों के लिए दिनांक 01.12.2022 से निम्नलिखित दो प्रावधान लागू किए गए है:

क. अन्य के लिए 75% की तुलना में 90% तक की गारंटी कवरेज; और

ख. वार्षिक गारंटी शुल्क में 10% की रियायत।

v. एमएसएमई मंत्रालय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन करता है जो कि एक क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और ग्रामीण/शहरी बेरोजगार युवाओं को सहायता प्रदान कर गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है। पीएमईजीपी के कुल लाभार्थियों में से, 39% महिलाएं हैं और उनको गैर-विशेष श्रेणी (25% तक) की तुलना में उच्चतर सब्सिडी प्रदान की जाती है।

vi. महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए, एमएसएमई मंत्रालय कॅयर विकास योजना के तहत 'कौशल उन्नयन और महिला कॅयर योजना' का कार्यान्वयन करता है जो कि एक विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य कॅयर क्षेत्र से जुड़ी महिला कारीगरों का कौशल विकास करना है।

vii. प्रापण और विपणन सहायता स्कीम के तहत व्यापार मेलों में महिला उद्यमियों को भागीदारी के लिए 100% की सब्सिडी दी जाती है जबकि अन्य उद्यमियों के लिए यह सब्सिडी 80% है।

viii. एमएसएमई मंत्रालय ने 18 व्यापारों से जुड़ी महिलाओं सहित पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को कई लाभ प्रदान करने के लिए दिनांक 17.09.2023 को पीएम विश्वकर्मा स्कीम को लॉन्च किया।

ix. मंत्रालय ने मौजूदा और भावी महिला उद्यमियों के बीच एमएसएमई की विभिन्न स्कीमों के बारे में जागरूकता सृजित करने के लिए 'यशस्विनी' जागरूकता अभियान लॉन्च किया ताकि उन्हें निरंतर पथ-प्रदर्शन, मेंटरशीप और क्षमता निर्माण सहायता प्रदान की जा सके।

महाराष्ट्र राज्य में सीजीएस के तहत एमएसई को दी गई क्रेडिट गारंटियों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| **वर्ष 2000 में इसकी शुरुआत से दिनांक 28.02.2026 तक सीजीएस-अनुमोदित गारंटियां-महिला नेतृत्व वाले एमएसई-महाराष्ट्र** | |
|---|---|
| **अनुमोदित गारंटियों की संख्या** | **अनुमोदित राशि (करोड़ रु. में)** |
| 1,77,403 | 23,875 |

विगत पांच वित्तीय वर्षों अर्थात वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएमईजीपी के तहत महाराष्ट्र में सहायता प्राप्त महिला नेतृत्व वाले सूक्ष्म उद्यमों की जिला वार, क्षेत्र वार संख्या **अनुबंध-II** में संलग्न है।

(ङ) रैंप कार्यक्रम के तहत, महाराष्ट्र राज्य ने एमएसएमई मंत्रालय को एक व्यापक रणनीतिक निवेश योजना (एसआईपी) प्रस्तुत की है। एसआईपी लक्षित पहलों के माध्यम से अपने एमएसएमई क्षेत्र को सुदृढ़ करने और विस्तार करने के लिए महाराष्ट्र के रोडमैप के रूप में कार्य करता है, जिसका उद्देश्य पूरे राज्य में पर्याप्त आर्थिक विकास और प्रभाव को बढ़ावा देना है। एसआईपी में उल्लिखित प्रस्तावित अंतःक्षेपों के आधार पर, एमएसएमई मंत्रालय ने एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने, प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और सतत विकास को चलाने के उद्देश्य से राज्य की पहलों का समर्थन करने के लिए रैंप कार्यक्रम के तहत 189.49 करोड़ रुपए के अनुदान को मंजूरी दी है।

रैंप के तहत महाराष्ट्र द्वारा प्रस्तुत एसआईपी में महिलाओं और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के लिए एक पहल शामिल है, जिसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं के बीच सीमित जागरूकता को दूर करना है।

एसआईपी में अनुमोदित प्रमुख अंतःक्षेपों में, क्षमता निर्माण वह अंतःक्षेप है जो विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में महिलाओं और एससी/एसटी उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर केंद्रित है।

****

अनुबंध-I

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3420, जिसका उत्तर दिनांक 12.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

उद्यम वित्त वर्ष 2020-21 (01/07/2020 - 28/02/2026) के तहत पंजीकृत महिला स्वामित्व वाले एमएसएमई की जिलावार और रोजगार की सूचना

| | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | | 2025-26 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार | पंजीकृत एमएसएमई | रोजगार |
| 1 | अहमदनगर | 3,405 | 13,547 | 4,667 | 16,784 | 7,704 | 25,110 | 10,065 | 30,589 | 16,644 | 48,926 | 19,621 | 76,267 |
| 2 | अकोला | 1,027 | 3,576 | 1,627 | 10,418 | 2,634 | 7,762 | 3,185 | 9,450 | 5,046 | 13,558 | 11,234 | 29,747 |
| 3 | अमरावती | 1,625 | 5,585 | 2,879 | 9,502 | 5,177 | 15,692 | 5,016 | 13,548 | 10,125 | 30,762 | 19,186 | 49,153 |
| 4 | औरंगाबाद | 4,815 | 21,827 | 8,279 | 30,819 | 10,725 | 37,554 | 12,738 | 45,249 | 15,545 | 54,227 | 22,149 | 85,883 |
| 5 | बीड | 882 | 4,026 | 1,760 | 7,651 | 3,909 | 11,762 | 4,164 | 12,331 | 7,807 | 26,877 | 9,956 | 31,452 |
| 6 | भंडारा | 625 | 2,163 | 1,010 | 5,780 | 1,789 | 6,692 | 2,911 | 9,241 | 6,191 | 22,808 | 15,873 | 50,902 |
| 7 | बुलढाना | 1,194 | 3,657 | 2,146 | 7,180 | 3,007 | 9,754 | 4,501 | 12,804 | 9,259 | 26,644 | 15,926 | 46,611 |
| 8 | चंद्रपुर | 1,123 | 4,324 | 1,527 | 7,702 | 2,793 | 12,765 | 3,820 | 21,137 | 7,137 | 23,784 | 17,125 | 53,508 |
| 9 | धुले | 619 | 2,999 | 1,284 | 5,752 | 1,787 | 6,199 | 2,851 | 9,218 | 4,573 | 12,170 | 5,443 | 22,173 |
| 10 | गडचिरोली | 299 | 1,271 | 796 | 3,092 | 1,017 | 4,243 | 1,135 | 5,597 | 1,826 | 5,124 | 3,314 | 9,080 |
| 11 | गोंदिया | 801 | 4,994 | 1,350 | 7,522 | 1,802 | 7,328 | 2,317 | 10,837 | 3,982 | 13,559 | 9,686 | 27,260 |
| 12 | हिंगोली | 509 | 3,637 | 558 | 2,030 | 893 | 3,634 | 1,269 | 3,965 | 2,526 | 6,807 | 4,586 | 9,543 |
| 13 | जलगांव | 2,163 | 8,390 | 3,928 | 14,757 | 5,673 | 17,445 | 6,965 | 19,147 | 10,448 | 32,687 | 20,825 | 64,533 |
| 14 | जालना | 1,143 | 4,438 | 1,827 | 6,773 | 2,821 | 8,845 | 3,823 | 12,043 | 5,950 | 17,311 | 9,215 | 37,072 |
| 15 | कोल्हापुर | 6,247 | 29,108 | 8,578 | 37,486 | 10,858 | 39,601 | 13,648 | 51,725 | 17,169 | 52,738 | 20,395 | 67,972 |
| 16 | लातूर | 1,080 | 4,172 | 1,798 | 6,865 | 3,541 | 11,025 | 5,553 | 15,672 | 12,018 | 34,496 | 8,941 | 27,052 |
| 17 | मुंबई | 9,126 | 64,464 | 12,530 | 61,867 | 16,229 | 68,147 | 15,179 | 59,723 | 14,998 | 96,970 | 17,210 | 97,378 |
| 18 | मुंबई उपनगर | 11,408 | 68,273 | 15,779 | 67,131 | 19,529 | 70,355 | 23,021 | 99,451 | 25,069 | 89,312 | 26,945 | 106,821 |
| 19 | नागपुर | 6,377 | 29,130 | 10,311 | 39,249 | 12,870 | 46,022 | 15,030 | 53,763 | 19,051 | 62,295 | 30,881 | 108,645 |
| 20 | नांदेड़ | 1,934 | 6,629 | 2,512 | 8,920 | 3,786 | 13,761 | 4,060 | 15,230 | 4,897 | 39,790 | 9,369 | 32,995 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | नंदुरबार | 344 | 1,639 | 660 | 3,550 | 1,201 | 4,831 | 1,392 | 4,907 | 3,780 | 11,152 | 3,043 | 19,273 |
| 22 | नासिक | 5,746 | 27,253 | 9,503 | 34,767 | 12,804 | 41,259 | 16,450 | 61,667 | 22,763 | 84,532 | 32,206 | 94,416 |
| 23 | उस्मानाबाद | 907 | 4,341 | 1,517 | 5,188 | 3,179 | 17,108 | 3,763 | 10,256 | 5,781 | 19,212 | 6,814 | 17,774 |
| 24 | पालघर | 4,061 | 18,442 | 6,142 | 26,534 | 7,934 | 36,904 | 9,790 | 36,596 | 10,857 | 38,083 | 12,997 | 44,148 |
| 25 | परभणी | 886 | 2,670 | 1,633 | 4,689 | 2,145 | 5,844 | 2,660 | 8,609 | 4,296 | 11,692 | 6,315 | 16,689 |
| 26 | पुणे | 19,698 | 115,205 | 29,994 | 140,939 | 42,445 | 163,152 | 52,619 | 187,422 | 65,183 | 246,280 | 68,061 | 232,921 |
| 27 | रायगढ़ | 4,821 | 22,200 | 7,145 | 27,848 | 9,889 | 35,274 | 11,469 | 40,180 | 19,911 | 59,898 | 21,373 | 68,107 |
| 28 | रत्नागिरि | 1,738 | 9,676 | 3,233 | 12,069 | 5,175 | 23,318 | 5,219 | 15,605 | 7,751 | 23,662 | 8,127 | 19,623 |
| 29 | सांगली | 2,417 | 13,021 | 3,662 | 12,564 | 5,550 | 17,279 | 7,520 | 21,395 | 9,678 | 26,780 | 11,586 | 30,637 |
| 30 | सतारा | 2,704 | 11,400 | 4,317 | 14,652 | 6,626 | 21,216 | 8,842 | 26,781 | 12,187 | 35,385 | 11,954 | 45,246 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 1,154 | 5,052 | 2,057 | 7,550 | 3,005 | 11,563 | 4,233 | 17,283 | 5,712 | 15,491 | 8,675 | 20,630 |
| 32 | सोलापुर | 3,046 | 11,526 | 6,443 | 29,226 | 8,587 | 25,517 | 11,537 | 35,323 | 14,436 | 39,747 | 14,985 | 65,250 |
| 33 | ठाणे | 15,525 | 80,988 | 22,855 | 91,275 | 28,313 | 107,823 | 32,933 | 125,762 | 37,973 | 136,387 | 47,124 | 160,526 |
| 34 | वर्धा | 1,220 | 5,351 | 2,332 | 8,267 | 2,910 | 10,285 | 3,897 | 13,637 | 4,591 | 13,521 | 12,309 | 41,091 |
| 35 | वाशिम | 500 | 1,923 | 783 | 2,704 | 1,025 | 3,188 | 1,301 | 3,579 | 3,061 | 13,845 | 5,568 | 15,551 |
| 36 | यवतमाल | 885 | 3,481 | 1,848 | 6,345 | 2,825 | 8,930 | 3,592 | 9,896 | 6,081 | 16,323 | 11,603 | 30,956 |
| | **कुल:-** | **122,054** | **620,378** | **189,270** | **785,447** | **262,157** | **957,187** | **318,468** | **1,129,618** | **434,302** | **1,502,835** | **580,620** | **1,956,885** |

अनुबंध-II

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3420, जिसका उत्तर दिनांक 12.03.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

महाराष्ट्र में पिछले 5 वित्तीय वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त महिला नेतृत्व वाले सूक्ष्म उद्यमों की जिलावार, क्षेत्रवार संख्या।

| जिला | विनिर्माण | | | | | सेवा | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| अहमदनगर | 41 | 64 | 46 | 24 | 19 | 21 | 26 | 21 | 19 | 11 |
| अकोला | 5 | 21 | 14 | 12 | 9 | 7 | 12 | 6 | 13 | 7 |
| अमरावती | 14 | 15 | 48 | 31 | 16 | 12 | 9 | 14 | 12 | 12 |
| औरंगाबाद | 4 | 26 | 35 | 26 | 11 | 8 | 15 | 12 | 10 | 2 |
| बीड | 9 | 11 | 10 | 5 | 8 | 9 | 12 | 7 | 6 | 2 |
| भंडारा | 19 | 12 | 7 | 7 | 9 | 8 | 5 | 13 | 8 | 22 |
| बुलढाना | 10 | 20 | 23 | 10 | 5 | 18 | 25 | 15 | 13 | 8 |
| चंद्रपुर | 14 | 13 | 10 | 6 | 4 | 15 | 28 | 13 | 17 | 11 |
| धुले | 3 | 8 | 6 | 6 | 10 | 8 | 11 | 6 | 12 | 12 |
| गडचिरोली | 37 | 6 | 3 | 3 | 1 | 10 | 6 | 6 | 5 | - |
| गोंडिया | 19 | 44 | 26 | 14 | 12 | 16 | 38 | 24 | 13 | 9 |
| हिंगोली | 6 | 14 | 10 | 6 | 1 | 7 | 5 | 11 | 3 | 3 |
| जलगांव | 28 | 40 | 37 | 12 | 9 | 8 | 15 | 17 | 18 | 14 |
| जालना | 21 | 53 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 3 |
| कोल्हापुर | 74 | 163 | 192 | 169 | 132 | 33 | 20 | 37 | 56 | 27 |
| लातूर | 34 | 58 | 13 | 14 | 5 | 16 | 9 | 10 | 8 | 5 |
| मुबंई | - | 1 | 3 | 3 | 4 | - | 2 | - | 3 | 4 |
| मुबंई (उपनगरीय) | 4 | 16 | 11 | 14 | 5 | 3 | 2 | - | 2 | 2 |
| नागपुर | 21 | 54 | 42 | 32 | 25 | 17 | 18 | 31 | 28 | 8 |
| नांदेड़ | 7 | 22 | 21 | 13 | 5 | 18 | 19 | 14 | 7 | 5 |
| नांदुरबार | 4 | 25 | 11 | 5 | 19 | 2 | 1 | 4 | 6 | |
| नासिक | 80 | 99 | 54 | 39 | 30 | 28 | 20 | 21 | 15 | 17 |
| उस्मानाबाद | 17 | 33 | 25 | 8 | 3 | 8 | 15 | 14 | 8 | 5 |
| पालघर | 6 | 27 | 23 | 18 | 9 | 7 | 11 | 19 | 10 | 4 |
| परभणी | 14 | 22 | 9 | 6 | 6 | 5 | 12 | 5 | 6 | - |

| महाराष्ट्र में पिछले 5 वित्तीय वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के तहत सहायता प्राप्त महिला नेतृत्व वाले सूक्ष्म उद्यमों की जिलावार, क्षेत्रवार संख्या। | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **जिला** | **विनिर्माण** | | | | | **सेवा** | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| पुणे | 38 | 40 | 45 | 35 | 32 | 25 | 23 | 24 | 24 | 28 |
| रायगढ़ | 12 | 14 | 15 | 10 | 3 | 11 | 4 | 10 | 4 | 3 |
| रत्नागिरी | 20 | 29 | 25 | 9 | 8 | 5 | 18 | 22 | 20 | 13 |
| सांगली | 22 | 21 | 23 | 20 | 7 | 17 | 15 | 16 | 15 | 3 |
| सतारा | 29 | 36 | 39 | 17 | 12 | 13 | 27 | 22 | 9 | 20 |
| सिंधुदुर्ग | 39 | 28 | 32 | 13 | 9 | 18 | 27 | 26 | 14 | 10 |
| सोलापुर | 62 | 76 | 77 | 51 | 32 | 26 | 28 | 27 | 44 | 21 |
| ठाणे | 6 | 11 | 15 | 4 | 3 | 5 | 22 | 11 | 9 | 3 |
| वर्धा | 12 | 10 | 28 | 7 | 6 | 3 | 14 | 22 | 17 | 8 |
| वाशिम | 4 | 13 | 11 | 5 | 2 | 8 | 14 | 5 | 5 | 3 |
| यवतमाल | 16 | 19 | 12 | 11 | 8 | 6 | 12 | 8 | 15 | 16 |
| **कुल** | **751** | **1164** | **1006** | **671** | **480** | **425** | **548** | **515** | **477** | **321** |